प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

12 अक्तूबर 2022

इंटर-ऑपरेबल विनियामक सैंडबॉक्स के लिए मानक परिचालन प्रक्रिया

वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद - उप समिति (एफएसडीसी-एससी) के तत्वावधान में फिनटेक पर एक अंतर-विनियामक तकनीकी समूह (फिनटेक पर आईआरटीजी) का गठन किया गया था। फिनटेक पर आईआरटीजी के विचारार्थ विषयों (टीओआर) में विनियामक सैंडबॉक्स (आरएस) में प्रवेश के लिए विभिन्न वित्तीय क्षेत्र विनियामकों के विनियामक दायरे में आने वाले संकर उत्पाद/ सेवा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा और संकर उत्पादों/ सेवाओं के लिए इंटर-ऑपरेबल विनियामक सैंडबॉक्स (आईओआरएस) हेतु मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करना शामिल है। समूह में, वित्तीय क्षेत्र विनियामकों के सदस्यों के अलावा, आर्थिक कार्य विभाग (डीईए), वित्त मंत्रालय और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई), भारत सरकार के प्रतिनिधि शामिल हैं।

2. एक से अधिक वित्तीय क्षेत्र विनियामकों अर्थात आरबीआई, सेबी, आईआरडीएआई, आईएफ़एससीए और पीएफ़आरडीए के विनियामक दायरे में आने वाले नवीन उत्पादों/ सेवाओं के परीक्षण की सुविधा हेतु आईओआरएस के लिए एक मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) फिनटेक पर अंतर-विनियामक तकनीकी समूह (फिनटेक पर आईआरटीजी) द्वारा तैयार की गई है। भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज अपनी वेबसाइट पर आईओआरएस के लिए एसओपी को रखा है।

3. आईओआरएस में भाग लेने के लिए सामान्य आवेदन पत्र संलग्न है। प्रधान विनियामक (एसओपी में परिभाषित) के आरएस में भाग लेने के लिए न्यूनतम पात्रता मानदंड को पूरा करने वाली संस्थाएं, आवश्यक दस्तावेजों के साथ ईमेल के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं (अधिकतम आकार 10 एमबी)। अतिरिक्त जानकारी और/या दस्तावेज, जब आवश्यक हो, आवेदक को प्रस्तुत करना होगा। प्रधान विनियामक/ सहयोगी विनियामक अपने आरएस ढांचे के अनुसार संकर उत्पाद/ समाधान/ नवोन्मेष की स्वीकार्यता पर अधिकार सुरक्षित रखेंगे।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1030